रजिस्ट्री सं० डी० 222 REGISTERED No. D. 222

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 22] नई दिल्ली, शनिवार, जून 2, 1973/ज्यैष्ठ 12, 1895
No. 22] NEW DELHI, SATURDAY, JUNE 2, 1973/JYAISTHA 12, 1895

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
Separate Paging is given to this part in order that it may be filed as a separate compilation.

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)

PART II—Section 3—Sub-section (i)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किये गये विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उपनियम आदि सम्मिलित हैं ।

General Statutory Rules (including orders, by-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories).

मंत्रिमण्डल सचिवालय

(कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)

नई दिल्ली, 22 मई, 1973

सा. का. नि. 557.—भारतीय पुलिस सेवा (भर्ती) नियम 1954 के नियम 9 के उप नियम (1) के साथ पठित अखिल भारतीय सेवाएं अधिनियम, 1951 (1951 का 61) की धारा 3 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार संबंधित राज्य सरकारों तथा संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से भारतीय पुलिस सेवा (पदोन्नति द्वारा नियुक्ति) विनियम, 1955 में आगे संशोधन करने के लिये एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाती हैं, अर्थात् :—

1. (1) ये विनियम भारतीय पुलिस सेवा (पदोन्नति द्वारा नियुक्ति) पहला संशोधन विनियम, 1973 कहे जा सकेंगे ।

(2) ये विनियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे ।

2. भारतीय पुलिस सेवा (पदोन्नति द्वारा नियुक्ति) विनियम 1955 में (1) विनियम 3 के उप विनियम (1) में "प्रत्येक राज्य के अथवा संघ राज्य क्षेत्रों के लिए" शब्दों के स्थान पर "राज्य संवर्ग अथवा संयुक्त संवर्ग" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे ।

(2) अनुसूची में, कालम 2 के शीर्षक में प्रयुक्त "राज्य" शब्द के स्थान पर "राज्य संवर्ग/संयुक्त संवर्ग" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे ।

[सं. 11/1/72-अ. भा. से. (1)-ख]

CABINET SECRETARIAT

(Department of Personnel & Administrative Reforms)

New Delhi, the 22nd May, 1973

G.S.R. 557.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 3 of the All-India Services Act, 1951 (61 of 1951), read with sub-rule (1) of rule 9 of the Indian Police Service (Recruitment) Rules, 1954, the Central Government, in consultation with the State Governments concerned and the Union Public Service to Commission, hereby makes the following regulations further to amend the Indian Police Service (Appointment by Promotion) Regulations, 1955, namely :—

1. (1) These regulations may be called the Indian Police Service (Appointment by Promotion) First Amendment Regulations, 1973.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Indian Police Service (Appointment by Promotion) Regulations, 1955;

(1) in regulation 3, in sub-regulation (1), for words "each of the States or for the group of Union Territories", the words "a State Cadre or a Joint Cadre" shall be substituted;

(2) in the Schedule, for the word "State" occurring in the heading of column 2, the words "the State Cadre/Joint Cadre" shall be substituted.

[No. 11/1/72-AIS(I)-B]

सा. का. नि. 558.—भारतीय प्रशासन सेवा (भर्ती) नियम 1954 के नियम 8 के उप-नियम (1) के साथ पठित अखिल भारतीय सेवा अधिनियम, 1951 (1951 का 61) की धारा 3 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार संबंधित राज्य सरकारों तथा संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से भारतीय प्रशासन सेवा (पदोन्नति द्वारा नियुक्ति विनियम, 1955 में आगे संशोधन करने के लिये एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) ये विनियम भारतीय प्रशासन सेवा (पदोन्नति द्वारा नियुक्ति) पहला संशोधन विनियम, 1973 कहे जा सकेंगे ।

(2) ये विनियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे ।

2. भारतीय प्रशासन सेवा (पदोन्नति द्वारा नियुक्ति) विनियम, 1955 में (1) विनियम 3 उप-विनियम (1) में "प्रत्येक राज्य के अथवा संघ राज्य क्षेत्र के लिये" शब्दों के स्थान पर "राज्य संवर्ग अथवा संयुक्त संवर्ग" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे,

(2) अनुसूची में,—

(क) कालम 2 के शीर्षक में प्रयुक्त "राज्य" शब्द के स्थान पर "राज्य संवर्ग/संयुक्त संवर्ग" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे,

(ख) असम राज्य से संबंधित क्रम संख्या 2 की प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि प्रतिस्थापित की जाएगी, अर्थात :—

"2. असम-मेघालय

(1) मुख्य सचिव, असम सरकार

(2) अध्यक्ष, राजस्व बोर्ड, असम

(3) मुख्य सचिव, मेघालय सरकार

(4) आयुक्त, मेघालय

(5) भारत सरकार का एक मनोनीत व्यक्ति, जो संयुक्त सचिव से नीचे के रैंक का न हो ।

(ग) महाराष्ट्र राज्य से संबंधित क्रम संख्या 10 की प्रविष्टि के बाद, निम्नलिखित प्रविष्टि जोड़ दी जायगी, अर्थात्, :—

"10. क मणिपुर-त्रिपुरा

(1) मुख्य सचिव, मणिपुर सरकार

(2) मुख्य सचिव के अलावा मणिपुर सरकार के वरिष्ठतम सचिव ।

(3) मुख्य सचिव, त्रिपुरा सरकार

(4) मुख्य सचिव के अलावा त्रिपुरा सरकार के वरिष्ठतम सचिव

(5) भारत सरकार का एक मनोनीत अधिकारी जो संयुक्त सचिव के रैंक से नीचे का न हो ।

[सं. 11/1/72-अ. भा. से. (1)-क]

वी. रंगानाथन, अवर सचिव

G.S.R. 558.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 3 of the All India Services Act, 1951 (61 of 1951), read with sub-rule (1) of rule 8 of the Indian Administrative Service (Recruitment) Rules, 1954, the Central Government, in consultation with the State Governments concerned and the Union Public Service Commission, hereby makes the following regulations further to amend the Indian Administrative Service (Appointment by Promotion) Regulations, 1955, namely :—

1. (1) These regulations may be called the Indian Administrative Service (Appointment by Promotion) First Amendment Regulations, 1973.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Indian Administrative Service (Appointment by Promotion) Regulations, 1955,

(1) in regulation 3, in sub-regulation (1), for the words "each of the States or for the group of Union Territories", the words "a State Cadre or a Joint Cadre" shall be substituted;

(2) in the Schedule, —

(a) for the word "State" occurring in the heading of column 2, the words "the State Cadre/Joint Cadre" shall be substituted;

(b) for the entry at Serial No. 2 relating to the State of Assam, the following entry shall be substituted, namely :—

"2. **Assam-Meghalaya**

(1) Chief Secretary to the Government of Assam.

(2) Chairman, Board of Revenue, Assam.

(3) Chief Secretary to the Government of Meghalaya.

(4) Commissoner, Meghalaya.

(5) A nominee of the Government of India not below the rank of a Joint Secretary".

(c) after the entry at Serial No. 10 relating to the State of Maharashtra, the following entry shall be inserted, namely :—

"10A. **Manipur-Tripura**

(1) Chief Secretary, to the Government of Manipur.

(2) Senior-most Secretary, other than the Chief Secretary, to the Government of Tripura.

(3) Chief Secretary to the Government of Tripura.

(4) Senior-most Secretary, other than the Chief Secretary, to the Government of Tripura.

(5) A nominee of the Government of India not below the rank of Joint Secretary".

[No. 11/1/72-AIS(I)-A]

V. RANGANATHAN, Under Secy.

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 2 मई, 1973

सा. का. नि. 559.—संविधान के अनुच्छेद 309 के उपबन्धों द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति, लेखा अधिकारी (बाह्य वित्त प्रभाग, वित्त मंत्रालय) भर्ती नियम, 1963 में संशोधन करने के निम्नलिखित नियम बनाते हैं:—

1. (1) ये नियम लेखा अधिकारी (बाह्य वित्त प्रभाग, वित्त मंत्रालय) भर्ती (संशोधन) नियम, 1973 कहे जाएंगे ।

(2) ये नियम राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे ।

2. लेखा अधिकारी (बाह्य वित्त प्रभाग, वित्त मंत्रालय) भर्ती नियम, 1963 (आगे उक्त नियम कहा गया है) के नियम 4 के पश्चात् निम्नलिखित जोड़ा जाय, अर्थात्:—

"5 छूट देने की शक्ति:—जहां केन्द्रीय सरकार का यह मत हो कि किसी वर्ग अथवा श्रेणी के व्यक्तियों के संबंध में इन नियमों के उपबन्धों में छूट देना आवश्यक अथवा इष्टकर है तो कारणों का लिखित रूप से उल्लेख करके और संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से आदेश जारी करके ऐसा कर सकती है" ।

3. उक्त नियमों से संलग्न अनुसूची के स्थान पर निम्नलिखित अनुसूची लगाई जाएगी, अर्थात् :—

अनुसूची

पद का नाम	पद संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	प्रवरण पद है अथवा अप्रवरण	सीधी भर्ती वालों के लिए आयु-सीमा	सीधी भर्ती वालों के लिए अपेक्षित शैक्षणिक और अन्य अर्हताएं	क्या सीधी भर्ती वालों के लिये विहित आयु और शैक्षणिक अर्हताएं पदोन्नति की दशा में लागू होंगी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
लेखा अधिकारी		सामान्य केन्द्रीय सेवा श्रेणी II (राजपत्रित असचिवालयी)	रु० 590–30–830–35–900	प्रवरण पद	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

परिवीक्षा की अवधि यदि कोई हो	भरती की पद्धति : सीधी भरती द्वारा अथवा पदोन्नति द्वारा प्रतिनियुक्ति/अंतरण द्वारा और विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले पदों की प्रतिशतता	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानांतरण द्वारा भरती की दशा में वे संवर्ग जिनसे पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानांतरण किया जाना है	यदि विभागीय पदोन्नति विद्यमान है तो उसकी संरचना क्या है	वे परिस्थितियां जिनमें संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाना है
(9)	(10)	(11)	(12)	(13)
लागू नहीं होता ।	50% पदोन्नति द्वारा, ऐसा न होने पर प्रतिनियुक्ति पर अंतरण द्वारा और 50% अंतरण/प्रतिनियुक्ति द्वारा (नियतांश कोटा) समय-समय पर खाली होने वाले पदों पर लागू नहीं होगा किन्तु ग्रेड के पदों की कुल संख्या पर लागू होगा)	**पदोन्नति** : लेखाकार, जिन्होंने नियमित रूप से नियुक्त होने की तारीख से उस पद पर 5 वर्ष सेवा की हो । **प्रतिनियुक्ति पर अंतरण** : लेखा/लेखा परीक्षा अधिकारी, यह न मिलने पर किसी संगठित लेखा विभाग अर्थात् भारतीय रक्षा लेखा परीक्षा विभाग, भारतीय रक्षा लेखा विभाग, भारतीय रेल लेखा परीक्षा और डाक-तार लेखा विभाग के अधीनस्थ लेखा सेवा लेखाकार जिन्होंने उस ग्रेड में 5 वर्ष की सेवा हो । (प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यत: 3 वर्ष से अधिक नहीं ।) **अंतरण** उपर्युक्त किसी संगठित लेखा विभागों में समान पदों पर काम करने वाले अधिकारी ।	श्रेणी II विभागीय पदोन्नति समिति	जैसा संघ लोक सेवा आयोग (परामर्श से छूट) विनियम, 1958 के अंतर्गत आवश्यक है ।

[सं एफ० 18 (5)-प्र I/60]

के० राधाकृष्णन, अवर सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economic Affairs)

New Delhi, the 2nd May, 1973

G.S.R. 559.—In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules to amend the Accounts Officer (External Finance Division, Ministry of Finance) Recruitment Rules, 1963, namely :—

(1) These rules may be called the Accounts Officer (External Finance Division, Ministry of Finance) Recruitment (Amendment) Rules, 1973.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Accounts Officer (External Finance Division, Ministry of Finance) Recruitment Rules, 1963 (hereinafter referred to as the said rules), after rule 4, the following rule shall be inserted, namely :—

"5. **Power to relax :**—Where the Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category or persons."

3. For the Schedule annexed to the said rules, the following Schedule shall be substituted, namely :—

SCHEDULE

Name of the Post	No. of posts	Classification	Scale of Pay	Whether selection post or Non-selection post	Age limit for direct recruits	Educational and other qualifications required for direct recruits
1	2	3	4	5	6	7
Accounts Officer	7	General Central Service Class II (Gazetted-non-Ministerial)	Rs. 590-30-830-35-900	Selection post	Not applicable	Not applicable

Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of Promotees	Period of probation, if any	Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotions or by deputation/transfer and percentage of the vacancies to be filled by various methods	In case of recruitment by promotion/deputation/transfer, grades from which promotion/deputation/transfer to be made	If a D.P.C. exists, its composition	Circumstances in which U.P.S.C. is to be consulted in making recruitment
8	9	10	11	12	13
Not applicable	2 years	50% by promotion, failing which by transfer on deputation and 50% by transfer/deputation (Quotas will be applicable to the total No. of posts in the grade and not to the vacancies which may arise from time to time).	**Promotion :** Accountants with 5 years service in the grade rendered after appointment thereto on a regular basis. **Transfer on Deputation :** Accounts/Audit Officers, failing which SAS Accountants with 5 years service in the grade from any of the organised Accounts Department viz., Indian Audit and Accounts Department, Indian Defence Accounts Department, Indian Railway Accounts Department and Posts and Telegraphs Accounts Department. (Period of deputation ordinarily not exceeding 3 years). **Transfer :** Officers holding analogous posts in any of the organised Accounts Departments mentioned above.	Class II Departmental Promotion Committee	As required under the Union Public Service Commission (Exemption from Consultation) Regulations, 1958.

[No. F. 18(5)-Admn. I/60]

K. Radha Krishnan, Under Secy.

(राजस्व और बीमा विभाग)

नई दिल्ली, 2 जून, 1973

केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क

सा. का. नि. 560.—केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क और नमक अधिनियम, 1944 (1944 का 1) की धारा 37 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क नियम, 1944 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का नाम केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क (छटवां संशोधन) नियम, 1973 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क नियम, 1944 में, नियम 173-छ के पश्चात् निम्नलिखित नया नियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"173-छछ. शुल्क संदत्त माल का कारखाना-परिसर के समीप भंडारकरण—केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क कलक्टर किसी भी ऐसे निर्धारिती को, जो किसी भी समय केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क और नमक अधिनियम, 1944 या तद्धीन बनाए गए नियमों के अधीन किसी अपराध के लिए दण्डित किया जा चुका हो, नियम 173-छ में अधिकथित रीति से शुल्क का संदाय करने के पश्चात् हटाए गए उत्पाद-शुल्क योग्य माल को ऐसे निर्धारिती के कारखाने या उसके भाण्डागार से दो किलोमीटर की दूरी के अन्दर स्थित किसी गोदाम या भण्डारकरण के स्थान या परिसरों में रखने से प्रतिषिद्ध कर सकेगा ।"

[सं. 126/73—कें.उ.शा.-फा. सं. 4/1/70-सी. एक्स. 6]

एस. के. धर, अवर सचिव

(Department of Revenue and Insurance)

New Delhi, the 2nd June, 1973

CENTRAL EXCISES

G.S.R. 560.—In exercise of the powers conferred by section 37 of the Central Excises and Salt Act, 1944 (1 of 1944), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Central Excise Rules, 1944, namely:—

1. (1) These rules may be called the Central Excise (Sixth Amendment) Rules, 1973.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Central Excise Rules, 1944, after rule 173-G the following new rule shall be inserted, namely :—

"173-GG Storage of duty paid goods near the factory premises—Collector of Central Excise may prohibit an assessee, who has at any time been punished for any offence under Central Excise and Salt Act, 1944 or the rules made thereunder, from storing excisable goods removed after payment of duty in the manner laid down in rule 173-G, in any godown or place or premises of storage situated within a distance of two kilometers from the factory or warehouse thereof, of such assessee."

[No. 126/73-C.E.-F. No. 4/1/70-CX. 6.]

S. K. DHAR, Under Secy.

गृह मंत्रालय

आदेश

नई दिल्ली, 11 मई, 1973

सा. का. नि. 561.—भारत सुरक्षा अधिनियम, 1971 (1971 का 42) की धारा 34 की उप-धारा (1) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा भारत सरकार के गृह मंत्रालय के सा. का. नि. (जी. एस. आर.) 59 दिनांक 21 दिसंबर 1971 में आंशिक संशोधन करते हुए केन्द्र सरकार एतद्द्वारा निदेश देती है कि मद्रास परमाणु शक्ति प्रायोजना रिएक्टर अनुसंधान केन्द्र (मद्रास एटॉमिक पावर प्रोजेक्ट/रिएक्टर रिसर्च सेन्टर) सुरक्षित स्थान होने के कारण भारत सुरक्षा नियम, 1971 के नियम 8 के साथ पठित नियम 7 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मद्रास परमाणु शक्ति प्रायोजना, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी रिएक्टर अनुसंधान केन्द्र और सामान्य प्रशासनिक अधिकारी, मद्रास परमाणु शक्ति प्रायोजना द्वारा भी किया जा सकेगा, तथा आगे निदेश देती है कि उपर्युक्त आदेश की अनुसूची में क्रम संख्या 4 के सामने कालम 2 में विद्यमान प्रविष्टि के लिए निम्नलिखित प्रविष्टि प्रतिस्थापित की जाएगी, अर्थात् :—

"(1) मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, मद्रास परमाणु शक्ति प्रायोजना ।

(2) मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, रिएक्टर अनुसंधान केन्द्र ।

(3) सामान्य प्रशासनिक अधिकारी, मद्रास परमाणु शक्ति प्रायोजना ।"

[सं. 28/17/71-पोल-2]

आर. वासुदेवन, उप-सचिव

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

ORDER

New Delhi, the 11th May, 1973

G.S.R. 561.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of section 34 of the Defence of India Act, 1971 (42 of 1971), and in partial modification of the Order of the Government of India, Ministry of Home Affairs, No. G.S.R. 59, dated the 21st December, 1971, the Central Government hereby directs that the powers conferred on it by rule 7 read with rule 8 of the Defence of India Rules, 1971 shall in respect of the Madras Atomic Power Project/Reactor Research Centre, being a protected place, be exercisable also by the Chief Administrative Officer, Madras Atomic Power Project, Chief Administrative Officer, Reactor Research Centre, and General Administrative Officer, Madras Atomic Power Project and further directs that in the Schedule to the said Order, against S. No. 4, for the existing entry in column 2, the following entry shall be substituted, namely :—

"1. Chief Administrative Officer, Madras Atomic Power Project.

2. Chief Administrative Officer, Reactor Research Centre.

3. General Administrative Officer, Madras Atomic Power Project."

[No. F. 28/17/71-Poll. II]

R. VASUDEVAN, Dy. Secy.

नई दिल्ली, 22 मई, 1973

सा. का. नि. 562.—केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल अधिनियम, 1949 (1949 का 66 की धारा) 18 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल नियम, 1955 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का नाम केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (छटवां संशोधन) नियम, 1973 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल नियम, 1955 में, नियम 27(क) के अधीन सारणी में, स्तम्भ 3 में, क्रम सं. 7 के सामने "उप महानिरीक्षक" शब्दों के स्थान पर "कमांडेंट" शब्द रखा जाएगा ।

[सं. पी. 111-1/72-प्रशासन/जी.पी.ए.-1]

प्रेम प्रकाश, अवर सचिव

New Delhi, the 22nd May, 1973

G.S.R. 562.—In exercise of the powers conferred by section 18 of the Central Reserve Police Force Act, 1949 (66 of 1949), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Central Reserve Police Force Rules, 1955 namely:—

1. (1) These rules may be called the Central Reserve Police Force (6th Amendment) Rules, 1973.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Central Reserve Police Force Rules, 1955, in the Table under rule 27(a), in column 3, against serial number 7, for the words "Deputy Inspector-General", the word "Commandant" shall be substituted.

[No. P. VIII-1/72/Adm./GPA.I]

PREM PARKASH, Under Secy.

नई दिल्ली, 24 मई, 1973

सा. का. नि. 563.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 299 के खण्ड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत सरकार के गृह मंत्रालय की अधिसूचना संख्या सा. का. नि. 1344, तारीख 5 सितम्बर, 1970 को, जहां तक वह इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाले राज्यक्षेत्रीय यूनिटों से संबंधित है, अधिक्रांत करते हुए, यह निदेश देते हैं कि भारत में आने वाले विदेशियों की बाबत भारत में भरणपोषण और भारत में संप्रत्यावर्तन के संबंध में राष्ट्रपति के पक्ष में निष्पादित किया जाने वाला प्रत्येक परित्राण—बंधपत्र उसकी ओर से इससे उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ 1 में विनिर्दिष्ट प्रत्येक राज्यक्षेत्रीय यूनिट की बाबत उसके स्तंभ 2 में विनिर्दिष्ट अधिकारी या अधिकारियों द्वारा स्वीकार किया जायेगा ।

अनुसूची

राज्यक्षेत्रीय यूनिट	अधिकारी का पदाभिधान
1	2
मेघालय राज्य	1 – मुख्य सचिव, मेघालय सरकार । 2 – सचिव, गृह (पारपत्र) विभाग, मेघालय सरकार । 3 – उप सचिव, गृह (पारपत्र) विभाग, मेघालय सरकार । 4 – अवर सचिव, गृह (पारपत्र) विभाग, मेघालय सरकार । 5 – उपायुक्त, खासी पहाड़ियां । 6 – उपायुक्त, जयन्तिया पहाड़ियां, जोवाई । 7 – उपायुक्त, गारो पहाड़ियां, तुरा ।
त्रिपुरा राज्य	सचिव, राजनीतिक विभाग, त्रिपुरा सरकार ।
मणिपुर राज्य	मुख्य सचिव, गृह विभाग, मणिपुर सरकार ।
अरुणाचल प्रदेश	1 – मुख्य सचिव, अरुणाचल प्रदेश सरकार ।
संघ राज्य क्षेत्र	2 – उप सचिव राजनीतिक अरुणाचल प्रदेश सरकार ।
मिजोरम संघ राज्य क्षेत्र	मुख्य सचिव, मिजोरम सरकार ।

[सं. 11013/1/72-एफ-1]

वी. आर. पटेल, संयुक्त सचिव

New Delhi, the 24th May, 1973

G.S.R. 563. In exercise of the powers conferred by clause (1) of article 299 of the Constitution and in supersession of the notification of the Government of India in the Ministry of Home Affairs, No. G.S.R. 1344, dated the 5th September, 1970, in so far as it relates to the territorial units covered by this notification, the President hereby directs that every Indemnity Bond relating to maintenance in, and repatriation from, India in respect of foreigners coming to India, to be executed in favour of the President shall be accepted on his behalf by the officer or officers specified in column 2 of the Schedule hereto annexed in respect of each of the territorial units specified in column 1 thereof.

SCHEDULE

Territorial Unit	Designation of officer
1	2
State of Meghalaya	1. Chief Secretary to the Government of Meghalaya. 2. Secretary to the Government of Meghalaya, Home (Passport) Department. 3. Deputy Secretary to the Government of Meghalaya, Home (Passport) Department. 4. Under Secretary to the Government of Meghalaya, Home (Passport) Department. 5. Deputy Commissioner, Khasi Hills. 6. Deputy Commissioner, Jaintia Hills, Jowai. 7. Deputy Commissioner, Garo Hills, Tura
State of Tripura	Secretary to the Government of Tripura, Polit l Department.
State of Manipur	Chief Secretary to the Government of Manipur, Home Department.
Union Territory of Arunachal Pradesh	1. Chief Secretary to the Government of Arunachal Pradesh. 2. Deputy Secretary (Political) Government of Arunachal Pradesh.
Union Territory of Mizoram	Chief Secretary to the Government of Mizoram.

[No. 11013/1/72-F. I]

B. R. PATEL, Joint Secy.

वाणिज्य मंत्रालय

(विदेश व्यापार विभाग)

नई दिल्ली, 16 मई, 1973

इलायची नियंत्रण

सा. का. नि. 564.—इलायची अधिनियम, 1965 (1965 का 42) की धारा 33 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, इलायची नियम, 1966 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:—

1. इन नियमों का नाम इलायची (संशोधन) नियम, 1973 है।

2. इलायची नियम, 1966 के नियम 15 के उपनियम (2) में, "और तदुपरि यह उसके लिए विधिपूर्ण होगा" शब्दों से प्रारम्भ होने वाले और "कारबार का निपटान करे" शब्दों से समाप्त होने वाले भाग के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:—

"और यदि ऐसे स्थगित अधिवेशन में उपस्थित सदस्यों की संख्या अपेक्षित गणपूर्ति से कम है तो ऐसे उपस्थित सदस्य गणपूर्ति होंगे"।

[सं. 32/9/72-संयंत्र (बी)]

एस. महादेव अय्यर, अवर सचिव

MINISTRY OF COMMERCE

(Department of Foreign Trade)

New Delhi, the 16th May, 1973

CARDAMOM CONTROL

G.S.R. 564.—In exercise of the powers conferred by section 33 of the Cardamom Act, 1965 (42 of 1965), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Cardamom Rules, 1966, namely :—

1. These rules may be called the Cardamom (Amendment) Rules, 1973.

2. In sub-rule (2) of rule 15 of the Cardamom Rules, 1966, for the portion beginning with the words "and it shall thereupon", and ending with the words "for the time being present", the following shall be substituted, namely :—

"and if the number of members present at such adjourned meeting is less than the required quorum, the members so present shall be the quorum".

[No. 32/9/72-Plant(B)]

S. MAHADEVA IYER, Under Secy.

नई दिल्ली, 21 मई, 1973

चाय नियंत्रण

सा. का. नि. 565.—प्लांट (ए)-चाय बोर्ड उपाविधि, 1955 में और संशोधन करने के लिए चाय बोर्ड द्वारा चाय अधिनियम, 1953 (1953 का 29) की धारा 30 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बनाई गई निम्नलिखित उपविधियां, जो उस धारा की उपधारा (2) द्वारा यथा अपेक्षित रूप से केन्द्रीय सरकार द्वारा पृष्ट की गई हैं, प्रकाशित की जाती हैं, अर्थात् :—

1. इन उपविधियों का नाम बोर्ड (संशोधन) उपविधि 1973 है।

2. चाय बोर्ड उपविधि, 1955 में उपविधि 38 के पश्चात् निम्नलिखित उपविधि अन्तःस्थापित की जाएगी, अर्थात् :—

"38-क—बोर्ड, प्रादेशिक या क्षेत्रीय कार्यालयों, जिनमें उनके अपने अपने प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन आने वाले अधीनस्थ कार्यालय सम्मिलित हैं, के अधिकारियों और संलग्न कर्मचारीवृन्द की बाबत सम्बलमों, भत्तों और

विभिन्न अन्य वैयक्तिक दावों के संदाय को सुकर बनाने के लिए उपविधि 37 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित बैंकों और स्थानों में से उन बैंकों और स्थानों में जो समय-समय पर बोर्ड द्वारा अवधारित किए जाएं चाय बोर्ड प्रादेशिक/क्षेत्रीय कार्यालयों (सम्बलमों, भत्तों और अन्य वैयक्तिक दावों का संवितरण) के खातें" नामक पृथक् चालू खाते रख सकता है। प्रादेशिक या क्षेत्रिय कार्यालयों के क्रमिक भार-साधक अधिकारी अध्यक्ष या उपाध्यक्ष द्वारा, जहां तक प्रादेशिक या क्षेत्रिय कार्यालयों के अधिकारी और संलग्न कर्मचारीवृन्द के सम्बलमों, भत्तों और विभिन्न अन्य वैयक्तिक दावों के संदाय का सम्बन्ध है, केवल उनके आदान और संवितरण अधिकारियों के रूप में कार्य करने के प्रयोजन के लिए ऐसे बैंक खातें चलाने के लिए प्राधिकृत किये जा सकते हैं। ऐसे बैंक खातों में के धन का उपयोग केवल ऊपर विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए किया जाएगा।

[सं. के. 11012(1)/72 प्लांट (ए)]

एल. एन. सकलानी, निदेशक

New Delhi, the 21st May, 1973

TEA CONTROL

G.S.R. 565.—The following bye-laws further to amend the Tea Bye-laws, 1955, made by the Tea Board in exercise of the powers conferred by sub-section(1) of section 50 of the Tea Act, 1953 (29 of 1953), is hereby published for general information, the same having been confirmed by the Central Government as required by sub-section (2) of that section, namely :—

1. These bye-laws may be called the Tea Board (Amendment) Bye-laws, 1973.

2. In the Tea Board Bye-laws, 1955, after bye-law 38, following bye-law shall be inserted, namely :—

"38-A. The Board may, to facilitate the payments of the salaries allowances and various other personal claims in respect of officers and staff attached to the Regional or Zonal Offices including the sub-ordinate offices under their respective administrative control, maintain separate accounts called "Tea Board Regional/Zonal Offices (Disbursement of salaries, allowances and other personal claims) Accounts" in such places and with such banks from amongst those approved by the Central Government under bye-law 37 as may from time to time be determined by the Board. The respective officers in charge of the Regional or Zonal Offices, may be authorised by the Chairman or Deputy Chairman to operate such bank accounts only for the purpose of acting as drawing and disbursing officers in so far as the payments of the salaries, allowances and various other personal claims in respect of the officers and staff attached to the Regional or Zonal offices are concerned. The moneys in such bank acounts shall only be utilised for the purposes specified above."

[No. K. 11012(1)/72-Plant(A)]

L. N. SAKLANI, Director.

स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय

(स्वास्थ्य विभाग)

नई दिल्ली, 31 मार्च, 1973

सा. का. नि. 566.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति एतद्द्वारा केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कसौली, स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय के पशु चिकित्सा अधिकारी के पद की भर्ती की विधि को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं:—

1. **संक्षिप्त शीर्षक और प्रारम्भ:**—(1) ये नियम केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कसौली (पशु चिकित्सा अधिकारी) भर्ती नियमावली, 1973 कहे जायं।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशित होने की तिथि से लागू होंगे।

2. **उपयोजन:**—ये नियम इसके साथ संलग्न अनुसूची के स्तम्भ में निर्दिष्ट पदों पर लागू होंगे।

3. **संख्या, वर्गीकरण तथा वेतनमान:**—पदों की संख्या उनका वर्गीकरण तथा वेतनमान वही होंगे जैसा कि अनुसूची के स्तम्भ 2 से 4 तक में निर्दिष्ट है।

4. **भर्ती की विधि, आयु-सीमा, अर्हताएं आदि:**—उक्त पदों पर भर्ती की विधि, आयु-सीमा, अर्हताएं तथा अन्य बातें वही होंगी जैसा कि उक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से 13 में निर्दिष्ट है।

परन्तु केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए सामान्य आदेशों के अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति तथा विशेष प्रवर्गों के अन्य व्यक्तियों के मामले में सीधी भर्ती के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा शिथिल की जा सकती है।

5. **अनर्हता:**—कोई व्यक्ति—

(क) जो किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह करता/करती है अथवा विवाह की संविदा करता/करती है जिसका कि पति या पत्नी जीवित हो, अथवा

(ख) जो व्यक्ति एक पति/एक पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति के साथ विवाह करता/करती है अथवा विवाह की संविदा करता/करती है,

सेवा में नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

परन्तु केन्द्रीय सरकार यह समाधान होने पर कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के दूसरे पक्षकार पर लागू होने वाली विधि के अधीन अनुज्ञेय है, और ऐसा करने के अन्य आधार हैं, किसी भी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकती है।

6. **छूट देने की शक्ति:**—जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है वहां वह उसके लिये जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके नियमों के किसी उपबंध को संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों के बाबत आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

अनुसूची

केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कसौली, स्वास्थ्य मंत्रालय, में पशु-चिकित्सक के पद की भर्ती नियमावली ।

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	पद सलैक्शन है अथवा नान-सलैक्शन	सीधी भर्ती के लिए आयु सीमा	सीधी भर्ती के लिए अपेक्षित शैक्षिक तथा अन्य अर्हताएं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
पशु-चिकित्सा अधिकारी	1	सामान्य केन्द्रीय सेवा, प्रथम श्रेणी राजपत्रित अननु-सचिवीय	400–400–450–30–600–35–670–द०रो० 35–950 रु०	सेलैक्शन	35 वर्ष	**अनिवार्य :** (1) किसी मान्यता प्राप्त विश्व-विद्यालय से पशु-चिकित्सा विज्ञान की डिग्री अथवा तुल्यमान अर्हता । (2) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से आनुवंशकीय (जेनेटिक्स) में स्नातोकोत्तर डिग्री अथवा डिप्लोमा । (3) प्रयोगशाला पशुओं का वैज्ञानिक ढंग से प्रजनन, देख-रेख तथा रखाव करने के मामले में किसी जिम्मेदार पद पर काम करने का लगभग तीन वर्षों का व्यावहारिक अनुभव । (सुयोग्य अभ्यर्थियों के मामले में आयोग के विवेक पर अर्हतायें शिथिलनीय) **वांछनीय :** विश रोधी सीरी के उत्पादन के लिए घोड़ों के देखरेख कार्य का अनुभव ।

क्या पदोन्नति से रखे जाने वाले उम्मीदवारों के मामले में प्रत्यक्ष भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए निर्धारित आयु और शैक्षिक अर्हताएं लागू होंगी	परिवीक्षा की अवधि यदि कोई हो	भर्ती का तरीका सीधी भर्ती द्वारा या पदोन्नति के द्वारा अथवा स्था-नान्तरण के द्वारा तथा विभिन्न तरीकों द्वारा भरे जाने वाले पदों की प्रतिशतता	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण के द्वारा भर्ती के मामले में वह ग्रेड जिससे पदोन्नति/प्रतिनि-युक्ति/स्थानान्तरण किया जाना है	यदि विभागीय पदोन्नति समिति है तो उसका क्या गठन है ।	परिस्थितियां जिनमें भर्ती के लिए संघीय लोक सेवा आयोग से परामर्श लिया जाता है
(8)	(9)	(10)	(11)	(12)	(13)
जी नहीं	दो वर्ष	पदोन्नति इसके न होने पर सीधी भर्ती द्वारा	**पदोन्नति:** केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कसौली के पशु-चिकित्सा सहायक शल्य चिकित्सक जिसने इस ग्रेड में पांच साल की सेवा कर ली हो ।	प्रथम श्रेणी विभा-गीय पदोन्नति समिति	संघ लोक सेवा आयोग (परामर्श से छूट) विनियमावली, 1958 के अधीन यथापेक्षित

[प. संख्या एफ. 19-15/71 एम. ए.]

सती बालकृष्णा, अवर सचिव.

MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY PLANNING

(Health Department)

New Delhi, the 31st March, 1973

G.S.R. 566.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Veterinary Officer at the Central Research Institute, Kasauli, Ministry of Health and Family Planning, namely :—

1. **Short title and commencement:**—(i) These rules may be called the Central Research Institute, Kasauli, (Veterinary Officer) Recruitment Rules, 1973, (ii) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Application :**—These rules shall apply for recruitment to the post as specified in column 1 of the Schedule annexed hereto.

3. **Number, classification and scale of pay :**—The number of post, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the said Schedule.

4. **Method of recruitment, age limit and other qualifications :**—The method of recruitment, age limit, qualifications and other matters connected therewith shall be as specified in columns 5 to 13 of the Schedule aforesaid:

Provided that the upper age limit prescribed may be relaxed in the case of the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, or other special categories of persons in accordance with the orders issued from time to time by the Central Government.

5. **Disqualifications :** No person :—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

6. **Power to relax :**—Where the Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing, and after consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

SCHEDULE

Recruitment Rules for the post of Veterinary Officer in the Central Research Institute Kasauli, Min. of Health

Name of post	No. of Posts	Classification	Scale of Pay	Whether selection Post or non-selection Post	Age limit for direct recruits	Educational and other qualifications required for direct recruits.
1	2	3	4	5	6	7
Veterinary Officer	1	General Central Service Class I, Gazetted non-Ministerial	Rs. 400-400-450-30-600-35-670-EB-35-950.	Selection	35 years	**Essential :** (i) A degree in Veterinary Science from a recognised University or equivalent qualification. (ii) A post-graduate degree or Diploma in Genetics from a recognised University/ Institution. (iii) About 3 years practical exercise in a responsible capacity in scientific breeding, maintenance and care of laboratory animals. (Qualifications relaxable at Commission's discretion in the case of candidates otherwise well-qualified. **Desirable :** Experience in maintenance of horses for the production of anti-toxic sera.

Whether age & educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of Promotees	Period of probation, if any	Method of rectt. whether by direct rectt. or by promotion or by deputation/transfer & percentage of the vacancies to be filled by various methods	In case of rectt. by promotion/deputation/transfer—grades from which promotion/deputation/transfer to be made	If a DPC exists what is its composition	Circumstances in which UPSC is to be consulted in making rectt.
8	9	10	11	12	13
No	Two years	Promotion failing which by direct recruitment.	**Promotion** Veterinary Assistant Surgeon of the Central Research Institute, Kasauli, with 5 years service in the grade.	Class I Departmental Promotion Committee.	As required under the UPSC (Exemption from Consultation) Regulations, 1958.

[No. F. 19-15/71-MA]

SATHI BALAKRISHNA, Under Secy.

कृषि मंत्रालय

(कृषि विभाग)

नई दिल्ली, 28 अप्रैल, 1973

सा०का०नि० 567 —राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कृषि मंत्रालय (कृषि विभाग) में उपआयुक्त (पत्तन, परिचालन और परियोजनायें) के पद पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करने वाले निम्नलिखित नियम एतद्द्वारा बनाते हैं, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ**—(1) इन नियमों का नाम कृषि विभाग उपआयुक्त (पत्तन, परिचालन और परियोजनायें) भर्ती नियम, 1973 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2 **पद संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान**—पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उसका वेतनमान वे होंगे जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ 2 से 4 तक में विनिर्दिष्ट है ।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हतायें आदि**—उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हतायें और उससे सम्बन्धित अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से 13 तक में विनिर्दिष्ट है ।

4 **निरर्हतायें**—वह व्यक्ति—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है;

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा ।

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाये कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू, स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिये अन्य आधार मौजूद है तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी ।

5 **शिथिल करने की शक्ति**—जहां केन्द्रीय सरकार की राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है वहां वह, उसके लिये जो कारण है उन्हें लिपिबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी उपबन्ध को, किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा, शिथिल कर सकेगी ।

6 इन नियमों की कोई बात केन्द्रीय सरकार द्वारा इस बाबत समय-समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य विशेष प्रवर्गों के व्यक्तियों को दिये जाने के लिये अपेक्षित आरक्षण और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी ।

अनुसूची

कृषि विभाग में उप-आयुक्त (पत्तन, परिचालन और परियोजना) पद के लिये भर्ती नियम

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद अथवा अचयन पद	सीधे भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों के लिये आयु
1	2	3	4	5	6
उप आयुक्त (पत्तन, परिचालन और परियोजनायें)	1	साधारण केन्द्रीय सेवा वर्ग-1, राजपत्रित	1100-50-1400 रु०	लागू नहीं होता ।	लागू नहीं होता ।

सीधे भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों के लिये अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हतायें	सीधे भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों के लिये विहित आयु और शैक्षिक अर्हतायें प्रोन्नति की दशा में लागू होंगी या नहीं	परिवीक्षा की कालावधि यदि कोई हो
7	8	9
लागू नहीं होता ।	लागू नहीं होता ।	लागू नहीं होता ।

भर्ती की पद्धति/भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/स्थानांतरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों का प्रतिशत	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानांतरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानांतरण किया जायेगा	यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघलोक सेवा आयोग से परामर्श किया जायेगा
10	11	12	13
प्रतिनियुक्ति पर अन्तरण द्वारा (जिसके अन्तर्गत लघु अवधि संविदा भी है।)	प्रतिनियुक्ति पर अन्तरण (जिसके अन्तर्गत लघु अवधि संविदा भी है):— केन्द्रीय या राज्य सरकारों के समतुल्य पद धारण करने वाले अधिकारी अथवा वे अधिकारी जो 700—1250 रु० अथवा समतुल्य वेतनमान में कम से कम 3 वर्ष सेवा कर चुके हों अथवा वे अधिकारी जो सरकारी क्षेत्रों के उपक्रमों में समतुल्य हैसियत वाला पद धारण करते हों और जिन्हें पत्तन 'परिचालन, खाद्यानों की लादों की सम्भाल तथा उपस्कर और मशीनरी खरीदने का लगभग 2 वर्ष का अनुभव हो।' (प्रतिनियुक्ति की अवधि अथवा लघु अवधि संविदा साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी)	लागू नहीं होता।	संघ लोक सेवा आयोग (परामर्श से छूट) विनियम, 1958 के अधीन यथा-अपेक्षित।

[सं० ए-12018/2/71 स्थापना-1]
एस० एन० सिन्हा, अवर सचिव,

MINISTRY OF AGRICULTURE

(Department of Agriculture)

New Delhi, the 28th April, 1973

G. S. R. 567.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Deputy Commissioner (Port, Operations and Projects) in the Ministry of Agriculture (Department of Agriculture), namely:—

Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Department of Agriculture [Deputy Commissioner (Port, Operations and Projects)] Recruitment Rules, 1973.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Number of the posts, its classification and scale of pay.—The number of the said posts, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the said Schedule annexed hereto.

3. Method of recruitment, age limit, qualifications etc.—The method of recruitment, age limit, qualifications and other matters relating to the said post, shall be as specified in columns 5 to 13 of the Schedule aforesaid.

4. Disqualifications:—No person,—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to relax.—Where the Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. Saving.—Nothing in these rules shall affect reservation and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Name of post	No. of posts	Classification	Scale of pay	Whether Selection or Non-Selection Post	Age limit for direct recruits	Educational and other qualifications required for direct recruits
1	2	3	4	5	6	7
Deputy Commissioner (Port, Operations and Projects)	One	General Central Service Class I Gazetted.	Rs. 1100-50-1400	Not applicable	Not applicable	Not applicable

Whether age and educational qualifications prescribed for the direct recruits will apply in case of promotees	Period of probation, if any	Method of rectt. whether by direct rectt. or by promotion or by deputation/transfer and percentage of the vacancies to be filled by various methods.	In case of recruitment by promotion/deputation/transfer, grades from which promotion/deputation/transfer to be made	If a D.P.C. exists, what is its composition	Circumstances in which U.P.S.C. is to be consulted in making recruitment
8	9	10	11	12	13
Not applicable	Not applicable	By transfer on deputation (including short-term contract).	Transfer on deputation (including short-term contract):- Officers from Central or State Governments holding analogous posts or officers with at least 3 years' service in the scale of Rs. 700-1250 or equivalent or office holding equivalent status in Public Sector Undertakings and having about two years' experience of Port Operations, handling of fertilisers of foodgrains and purchase of equipment and machinery. (Period of deputation or short-term contract—ordinarily not exceeding three years).	Not applicable	As required under the Union Public Service Commission (Exemption from Consultation) Regulations, 1958

[No. A. 12018/2/71-Estt. I]
S. N. SINHA, Under Secy.

नई दिल्ली, 11 मई, 1973

सा. का. नि. 568.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दिल्ली चिड़ियाघर (वर्ग 3 और वर्ग 4 पद) भर्ती नियम, 1960 में और संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात :—

1. (1) इन नियमों का नाम दिल्ली चिड़ियाघर (वर्ग 3 और वर्ग 4 पद) भर्ती (संशोधन) नियम, 1973 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. दिल्ली चिड़ियाघर (वर्ग 3 और वर्ग 4 पद) भर्ती नियम, 1960 की अनुसूची में, चिड़ियाघर सर्वेक्षक के पद से सम्बन्धित मद सं. 10 के सामने, स्तम्भ 5 में की प्रविष्टि के पश्चात् निम्नलिखित प्रविष्टि अन्तःस्थापित की जाएगी, अर्थात :—

"परन्तु 18 अगस्त, 1974 तक की अवधि के लिए अधिकतम आयु-सीमा पांच वर्ष तक, अर्थात 30 वर्ष तक शिथिल की जा सकेगी ।"

[सं. जे. 120/1/72-एफ. डी. (डब्ल्यू. एल. एफ.]

New Delhi, the 11th May, 1973

G.S.R. 568.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Delhi Zoological Park, (Class III and Class IV posts), Recruitment Rules, 1960, namely :—

1. (1) These rules may be called the Delhi Zoological Park (Class III and Class IV Posts) Recruitment Amendment Rules, 1973.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the Delhi Zoological Park (Class III and Class IV posts) Recruitment Rules, 1960, against item No. 10 relating to the post of Zoo Park Surveyor after the entry in colum 5, the following entry shall be inserted namely :—

"Provided that for the period up to 18th August, 1974, the upper age limit shall be relaxable by 5 years, that is up to 30 years".

[No. J-12015/1/72-FD(WLF)]

नई दिल्ली, 23 मई, 1973

सा. का. नि. 569.—वन्य प्राणी (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, श्री रणजीत सिंह, उप-सचिव, भारत सरकार, कृषि मन्त्रालय (कृषि विभाग) को वन्य प्राणी परिरक्षण के निदेशक के रूप में नियुक्त करती है ।

[सं एफ 11014/4/73-एफ आर वाई (डब्ल्यू एल एफ)]

रूप राम, अवर सचिव

New Delhi, the 23rd May, 1973

G.S.R. 569—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 3 of the Wild Life (Protection) Act, 1972 (53 of 1972), the Central Government hereby appoints Shri Ranjitsingh, Deputy Secretary to the Government of India in the Ministry of Agriculture (Department of Agriculture) as Director of Wild Life Preservation.

[No F. 11014/4/73-FRY(WLF)]

RUP RAM, Under Secy.

(स्वास्थ्य विभाग)

नई दिल्ली, 15 मई, 1973

सा. का. नि. 570.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, स्वास्थ्य विभाग (वर्ग 1 और वर्ग 2 सचिवालय—इतर पद) भर्ती नियम, 1963 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात :—

1. (1) इन नियमों का नाम स्वास्थ्य विभाग (वर्ग 1 और वर्ग 2 सचिवालय—इतर पद) भर्ती (संशोधन) नियम, 1973 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. स्वास्थ्य विभाग (वर्ग 1 और वर्ग 2 सचिवालय-इतर पद) भर्ती नियम, 1963 की अनुसूची में, " लेखा अधिकारी" के पद से संबंधित मद 16 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात निम्नलिखित मद और प्रविष्टियां जोड़ी जाएंगी, अर्थात् :—

1	2	3	4	5	6	7
"17 ज्येष्ठ विश्लेषक (कार्य-अध्ययन)	1	साधारण केन्द्रीय सेवा वर्ग-I, राजपत्रित	700-40-1100-50/2-1250 रु०	लागू नही होता	लागू नही होता	लागू नही होता ।

8	9	10	11	12	13
लागू नही होता	लागू नही होता	(क) प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण द्वारा या, (ख) सविदा पर नियुक्ति द्वारा ।	**प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तर या संविदा पर नियुक्ति** — केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के अधीन 350-900 रु० से अनिम्न वेतनमान मे किसी वर्ग 1 या वर्ग 2 (राजपत्रित) पदो मे से या पब्लिक सेक्टर उपक्रमो मे समतुल्य श्रेणी मे के अधिकारी— (क) जिनके पास विश्वविद्यालय की उपाधि या उसके समतुल्य हो, (ख) जिनकी किसी राजपत्रित पद पर या किसी पब्लिक सेक्टर उपक्रम मे समतुल्य श्रेणी मे कम से कम आठ वर्ष की सेवा हो, और (ग) जिन्होने सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबन्ध सस्थान, रक्षा कार्य अध्ययन सस्थान के कार्य अध्ययन वृत्तिक चर्चा मे प्रशिक्षण या किसी अन्य सस्था मे समतुल्य प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया हो । या कार्य अध्ययन या सगठन तथा पद्धति या विश्लेषणीय या सांख्यिकीय या अनुसधान से क्रिया और अन्य प्रबन्ध अनुसधान तकनीक के उपयोजन मे कम से कम तीन वर्ष का अनुभव हो । (प्रतिनियुक्ति या सविदा की अवधि सामान्यत 6 वर्ष से अनधिक)	लागू नही होता	सघ लोक सेवा आयोग (परामर्श से छूट), विनियम, 1958 के अधीन यथा-अपेक्षित ।"

[फा० सं० 14-12/69-ई आई]

यू० वी० वी० एल० नरसिंहम, अवर सचिव

Department of Food

New Delhi, the 15th May, 1973

G.S.R. 570.—In exercise of the powers conferred by the Proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Department of Food (Class I and Class II Non-Secretariat Posts) Recruitment Rules, 1963, namely:

1. (1) These rules may be called the Department of Food (Class I and Class II Non-Secretariat Posts) Recruitment (Amendment) Rules, 1973.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the Department of Food (Class I and Class II Non-Secretariat Posts) Recruitment Rules, 1963, after item 16 relating to the post of "Accounts Officers" and the entries relating thereto, the following item and entries shall be added, namely:

1	2	3	4	5	6	7
"17 Senior Analyst (Work Study)	1	General Central Service Class I (Gazetted)	Rs. 700-40-1100-50/2-1250	Not applicable	Not applicable	Not applicable

8	9	10	11	12	13
Not applicable	Not applicable	(a) By transfer on deputation or (b) by appointment on contract	**Transfer on deputation or appointment on contract** Officers from any Class I or Class II (Gazetted) posts in the scale not lower than Rs. 350-900 under the Central Government or State Governments or equivalent grade in public sector undertakings, who have: (a) a University degree or its equivalent. (b) a minimum of 8 years service in a gazetted post of equivalent grade in a public sector undertaking and (c) successfully completed training in the work study practitioners course of the Institute of Secretariat Training and Management, Defence Institute of Work Study or equivalent training in any other institution **OR** have at least 3 years experience in the application of work study or organisation and methods or analytical or statistical or operations research and other management research techniques (Period of deputation or contract-ordinarily not exceeding 6 years).	Not applicable	As required under the Union Public—Service Commission (Exemption from Consultation Regulations 1958)".

F. 14-12/69-EI]

U. V. V. L. NARASIMHAM, Under Secy.

नई दिल्ली, 24 मई, 1973

सा. का. नि. 571.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, वनस्पति-रक्षण, संगरोध तथा संचयन निदेशालय में फार्म सहायक के पद पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करने वाले निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ:**—(1) इन नियमों का नाम वनस्पति रक्षण, संगरोध तथा संचयन निदेशालय (फार्म सहायक) भर्ती नियम, 1973 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पद-संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान:**—उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उसका वेतनमान वे होंगे जो इससे उपाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ 2 से 4 तक में विनिर्दिष्ट हैं।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं आदि:**—उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे सम्बन्धित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से 13 तक विनिर्दिष्ट हैं।

4. **निरर्हताएं:**—वह व्यक्ति—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा ।

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार मौजूद हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी ।

5. **शिथिल करने की शक्ति:**—जहां केन्द्रीय सरकार की राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है वहां वह, उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लिपिबद्ध करके इन नियमों के किसी उपबंध को, किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी ।

6. **व्यावृत्ति:**—इन नियमों की कोई भी बात ऐसे आरक्षणों और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी जिसका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है ।

अनुसूची

कृषि विभाग के वनस्पति -रक्षण, संगरोध तथा संचयन निदेशालय में फार्म सहायक के पद के लिये भर्ती नियम

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद अथवा अचयन पद	सीधे भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों के लिये आयु-सीमा
1	2	3	4	5	6
फार्म सहायक	1 (एक)	साधारण केन्द्रीय सेवा, वर्ग 3 (अराजपत्रित, अनुसूचित)	210-10-290-15-320-व०रो०-15-425 रु०	लागू नहीं होता ।	18 से 25 वर्ष ।

सीधे भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों के लिये अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हतायें	सीधे भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों के लिये विहित आयु और शैक्षिक अर्हतायें प्रोन्नतों की दशा में लागू होंगी या नहीं	परीक्षीक्षा की अवधि, यदि कोई हो
7	8	9
किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से बी० एस० सी० (कृषि) या समतुल्य । **वांछनीय** : 1. फार्म प्रबन्ध या उद्यान कृषि का अनुभव । 2. सस्य-विज्ञान या उद्यान कृषि में स्नातकोत्तर की उपाधि । 3. अध्यापन सुझाव ।	लागू नहीं होता ।	दो वर्ष ।

भर्ती की पद्धति/भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों का प्रतिशत	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जायेगा	यदि विभागीय प्रोन्नति समिति हो तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जायेगा ।
10	11	12	13
शत प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा ।	लागू नहीं होता ।	लागू नहीं होता ।	लागू नहीं होता ।

[सं. 13-2/73-पी. पी. एस.]

New Delhi, the 24th May, 1973

G.S.R. 571.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Farm Assistant in the Directorate of Plant Protection, Quarantine and Storage, namely :—

1. **Short title and commencement :**—(1) These rules may be called the Directorate of Plant Protection, Quarantine and Storage (Farm Assistant) Recruitment Rules, 1973.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number, classification and scale of pay :**—The number of the said post, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule annexed hereto.

3. **Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc :**—The method of recruitment, age-limit, qualifications and other matters relating to the said posts shall be as specified in columns 5 to 13 of the said Schedule.

4. **Disqualifications :**—No person,

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post :

Provided that the Central Government, may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax :**—Where the Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. **Saving.**—Nothing in these rules shall affect reservations and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Recruitment rules for the post of Farm Assistant in the directorate of plant protection, quarantine and storage, department of agriculture.

Name of post	No. of post	Classifications	Scale of pay	Whether selection post or non-selection post.	Age limit for direct recruits.	Educational and other qualifications required for direct recruits.
1	2	3	4	5	6	7
Farm Assistant	1 (one)	General Central Service, Class III (Non-gazetted, Non-Ministerial)	Rs. 210-10-290-15-320-EB-15-425	Not applicable	18 to 25 years.	B.Sc (Agriculture) from a recognised University or equivalent. Desirable. 1. Experience in Farm Management or Horticulture. 2. Post graduate degree in Agronomy or Horticulture. 3. Teaching experience.

Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees.	Period of probation, if any.	Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/transfer and percentage of the vacancies to be filled by various methods.	In case of recruitment by promotion/deputation/transfer, grades from which promotion/deputation/transfer to be made.	If a DPC exists what is its composition.	Circumstances in which UPSC is to be consulted in making recruitment.
8	9	10	11	12	13
Not applicable	Two years.	100% by direct recruitment.	Not applicable	Not applicable	Not applicable.

[No. 13-2/73-PP.S]

सा. का. नि. 572.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, वनस्पति-रक्षण, संगरोध तथा संचयन निदेशालय में कतिपय वर्ग-1 तकनीकी पदों पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करने वाले निम्नलिखित नियम एतद्द्वारा बनाते हैं, अर्थात्:—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**—(1) इन नियमों का नाम वनस्पति-रक्षण संगरोध तथा संचयन निदेशालय, वर्ग-1 तकनीकी पद भर्ती नियम, 1973 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. **लागू होना.**—ये नियम इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ 1 में विनिर्दिष्ट पदों को लागू होंगे ।

3. **संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान.**—उक्त पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण और उनके वेतनमान वे होंगे जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ 2 से 4 तक में विनिर्दिष्ट हैं ।

4. **भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं, आदि.**—उक्त पदों पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उनसे सम्बन्धित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से 13 तक में विनिर्दिष्ट हैं :

परन्तुक उक्त अनुसूची के स्तम्भ 6 में सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों की बाबत विनिर्दिष्ट अधिकतम आयु-सीमा, केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार, अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति और किसी अन्य विशेष प्रवर्ग के अभ्यर्थियों के संबंध में शिथिल की जा सकेगी ।

5. **निरर्हताएं.**—वह व्यक्ति—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा ,

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार मौजूद हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी ।

6. **शिथिल करने की शक्ति.**—जहां केन्द्रीय सरकार की राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है वहां वह, उसके लिए जो कारण है उन्हें लिपिबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी उपबंध को, किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी ।

7. **व्यावृत्ति.**—इन नियमों की कोई भी बात ऐसे आरक्षणों और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी जिनका, केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है ।

अनुसूची

कृषि विभाग मे वनस्पति-रक्षण, संगरोध और संचयन निदेशालय में (i) उपनिदेशक (वनस्पति रोग) (ii) उपनिदेशक (प्रशिक्षण) और (iii) मन्त्रिक, केन्द्रीय कीटनाशी बोर्ड, के पदो के लिए भर्ती नियम ।

पद का नाम	पदो की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद अथवा अचयन पद	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा
1	2	3	4	5	6
1. उपनिदेशक (वनस्पति रोग)	1	3 साधारण, केन्द्रिय सेवा वर्ग 1 राजपत्रित	1300—60—1600 रुपये	लागू नही होता	45 वर्ष
2 उपनिदेशक (प्रशिक्षण)	1				
3. मन्त्रिक, केन्द्रीय कीटनाशी बोर्ड (ये पद अन्तर्निमेय है)	1				

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नतों की दशा में लागू होंगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो	भर्ती की पद्धति/भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति स्थानान्तरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों का प्रतिशत	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण किया जाएगा	यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा
7	8	9	10	11	12	13
आवश्यक						
(1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्राणिविज्ञान या कृषि सम्बन्धी प्राणिविज्ञान या कीटविज्ञान या वनस्पति विज्ञान या पादप रोग-विज्ञान या कृषि सम्बन्धी वनस्पति-विज्ञान या सस्य विज्ञान या कृषि (कृषि सम्बन्धी प्राणि विज्ञान या कृषि सम्बन्धी वनस्पति विज्ञान) में विशेषज्ञता सहित में एम० एस० सी० की उपाधि या समतुल्य अर्हताएं । (2) वनस्पति रक्षण कार्य संचालित करने का लगभग 10 वर्ष का व्यावहारिक अनुभव जिसमें खेत में और नाशीकीट-मार में अनुप्रयुक्त का पर्याप्त अनुभव सम्मिलित है । (अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में अर्हताएं संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार शिथिल की जा सकेंगी)	लागू नहीं होता	2 वर्ष	सीधी भर्ती द्वारा	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	संघ लोक सेवा आयोग (परामर्श से छूट) विनियम, 1958 के अधीन यथापेक्षित ।
वांछनीय (i) विशेषज्ञता के विषय में डाक्टरेट की उपाधि (ii) किसी विदेशी भाषा (जर्मन, फ्रेंच या स्पेनिश) का काम चलाऊ ज्ञान (iii) प्रशासनिक						

[सं० 13-1/73 पी० पी० एम०]

G.S.R. 572.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to certain Class I—Technical posts in the Directorate of Plant Protection, Quarantine and Storage, namely :—

1. **Short title and commencement :**—(1) These rules may be called the Directorate of Plant Protection, Quarantine and Storage Class I—Technical Posts (Recruitment) Rules, 1973.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Application :**—These rules shall apply to the posts specified in column 1 of the Schedule annexed to these rules.

3. **Number, classification and scale of pay :**—The number of the said posts, their classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the said Schedule.

4. **Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc :**—The method of recruitment, age limit, qualifications and other matters relating to the said posts shall be as specified in columns 5 to 13 of the schedule aforesaid.

Provided that the upper age-limit specified for direct recruits in column 6 of the said schedule may be relaxed in the case of candidates belonging to the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes and other special categories in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time.

5. **Disqualification :** No person,

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post :

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the Personal Law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

6. **Power to relax**:—Where the Central Government, is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing, and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

7. **Saving :**—Nothing in these rules shall affect reservations and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Recruitment rules for the posts of (i) deputy Director (Plant Diseases) (ii) Deputy Director (Training) and (iii) Secretary, Central Insecticides Board in Directorate of Plant Protection, quarantine and storage, department (Agriculture).

Name of post	No. of posts	Classification	Scale of pay	Whether selection post or non-selection post	Age limit for direct recruits
1	2	3	4	5	6
1. Deputy Director (Plant Diseases) . .	1	General Central Service Class I Gazetted.	Rs. 1300-60-1600.	Not applicable	45 years.
2. Deputy Director (Training) . . .	1				
3. Secretary, Central Insecticides Board. (These posts are interchangeable) .	1				

Educational and other qualifications required for direct recruits	Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees	Period of probation, if any	Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/transfer and percentage of the vacancies to be filled by various methods	In case of recruitment by promotion/ deputation/transfer, grades from which promotion/deputation/ transfer to be made	If a DPC exists what is its composition	Circumstances in which Union Public Service is to be consulted in making recruitment
7	8	9	10	11	12	13
Essential (i) M.Sc. degree in Zoology or Agricultural Zoology or Entomology or Botany or Plant Pathology or Agricultural Botany or Agronomy or Agriculture (with specialisation in Agricultural Zoology or Agricultural Botany) from a recognised University or equivalent qualifications. (ii) About 10 years' practical experience of organising plant protection work including adequate experience in applied research in the field and in pesticides. (Qualifications relaxable at the descretion of the Union Public Service Commission in case of candidates otherwise well qualified.) **Desirable** (i) A Doctorate degree in the subject of specialisation. (ii) Working Knowledge of a foreign language (German or French or Spanish). (iii) Administrative experience.	Not applicable	2 years	By direct recruitment	Not applicable	Not applicable	As required under the Union Public Service Commission (Exemption from consultation) Regulations, 1958.

[No. 13-1/73 PPS]

सा. का. नि. 573.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, वनस्पति-रक्षण, संगरोध तथा संचयन निदेशालय, वर्ग 1 और वर्ग 2—तकनीकी पद (भर्ती) नियम, 1968 में संशोधन करने वाले निम्नलिखित नियम एतद्द्वारा बनाते हैं, अर्थात :—

1. (1) इन नियमों का नाम वनस्पति-रक्षण, संगरोध तथा संचयन निदेशालय, वर्ग 1 और वर्ग 2-तकनीकि पद (भर्ती) संशोधन नियम, 1973 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. वनस्पति-रक्षण, संगरोध तथा संचयन निदेशालय, वर्ग 1 और वर्ग—2 तकनीकी पद (भर्ती) नियम, 1968 की अनुसूची में क्रमशः क्रम सं. 2 और 3 के सामने उपनिदेशक (वनस्पति रोग) और उपनिदेशक (प्रशिक्षण) के पदों और उनसे संबंधित प्रविष्टियों का लोप कर दिया जाएगा ।

[सं. 13-1/73-पी. पी. एस.]

G.S.R. 573.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules to amend the Directorate of Plant Protection, Quarantine and Storage, Class I and II-Technical Posts (Recruitment) Rules, 1968, namely :—

1. (1) These rules may be called the Directorate of Plant Protection, Quarantine and Storage, Class I and II-Technical Posts (Recruitment) Amendment Rules, 1973.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the Directorate of Plant Protection, Quarantine and Storage, Class I and II-Technical Posts (Recruitment) Rules, 1968, the posts of Deputy Director (Plant Diseases) and Deputy Director (Training) against Serial Nos. 2 and 3 respectively and the entries relating thereto shall be omitted.

[No. 13-1/73-PPS]

नई दिल्ली, 25 मई, 1973

सा. का. नि. 574.—राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, वनस्पति-संरक्षण, संगरोध और संचयन निदेशालय (क्षेत्रीय रिपोर्टर) भर्ती नियम, 1972 में संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:—

1. (1) इन नियमों का नाम वनस्पति संरक्षण, संगरोध और संचयन निदेशालय (क्षेत्रीय रिपोर्टर) भर्ती (संशोधन) नियम, 1973 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. वनस्पति संरक्षण, संगरोध और संचयन निदेशालय (क्षेत्रीय रिपोर्टर) भर्ती नियम, 1972 की अनुसूची में स्तंभ 7 के अन्तर्गत मद (1) में की प्रविष्टि के स्थान पर,

"किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी. एस. सी. (कृषि) या समतुल्य" प्रविष्टि रखी जाएगी ।

[सं. 2-43/71-पी. पी. एस.]

जे. चक्रवर्ती, अवर सचिव.

New Delhi, the 25th May, 1973

G.S.R. 574.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules to amend the Directorate of Plant Protection, Quarantine and Storage (Field Reports) Recruitment Rules, 1972, namely :—

1. (1) Those rules may be called the Directorate of Plant Protection, Quarantine and Storage (Field Reporters) Recruitment (Amendment) Rules, 1973.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the Directorate of Plant Protection, Quarantine and Storage (Field Reporters) Recruitment Rules, 1972, under Column 7 for the entry in item (i), the entry "B.Sc. (Agriculture) from a recognised University, or equivalent" shall be substituted.

[No. 2-43/71-PPS]

J. CHAKRABARTY, Under Secy.

रेल मंत्रालय

(रेलवे बोर्ड)

नई दिल्ली, 19 अप्रैल, 1973

सा. का. नि. 575.—भारतीय रेल अधिनियम, 1890 (1890 का 9) की धारा 84 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात :—

1. **संक्षिप्त नाम.**—इन नियमों का नाम रेलवे (दुर्घटनाओं की सूचनाएं और जांच) नियम 1973 है ।

ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. **सूचनाओं में दिए जाने वाले विवरण.**—भारतीय रेल अधिनियम, 1890 (1890 का 9) जिसे "अधिनियम" कहा गया है, की धारा 83 में उल्लिखित सूचनाओं में निम्नलिखित विवरण दिया जाएगा, अर्थात:—

(1) किलोमीटर—दूरी या स्टेशन या दोनों, जहां दुर्घटना घटी हो;

(2) दुर्घटना का समय और तारीख ,

(3) गाड़ी या गाड़ियों का नम्बर और उसका या उनका विवरण ;

(4) दुर्घटना का प्रकार ,

(5) हताहत व्यक्तियों की संख्या, जहां तक ज्ञात हो ;

(6) दुर्घटना का कारण, जहां तक ज्ञात हो, और

(7) यातायात में सम्भावित निरोध

3. **सूचनाएं भेजने की जिम्मेदारी—कितनी और किस ढंग से भेजी जाएगी.**—जब रेल संचालन के दौरान, अधिनियम की धारा 83 में वर्जित कोई दुर्घटना घटित हो, तो दुर्घटना स्थल से उस से पास का स्टेशन मास्टर, या जहां कोई स्टेशन मास्टर न हो वहां रेलवे के उस खण्ड का भारसाधक रेल कर्मचारी, जहां दुर्घटना घटित हुई है, या रेलवे के किसी खण्ड का कोई अन्य भारसाधक स्टेशन मास्टर, जिससे दुर्घटना की रिपोर्ट की गई हो, दुर्घटना की सूचना, रेलसंरक्षा के ऊपर आयुक्त को, जिस जिले में दुर्घटना घटित हुई

हो उसके जिला मजिस्ट्रेट को और जिस पुलिस अधीक्षक को या ऐसे किसी अन्य मजिस्ट्रेट या पुलिस अधिकारी को, जिसे सम्बद्ध राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त नियुक्त किया गया हो, तार द्वारा और रेलवे पुलिस के अधीक्षक और उस पुलिस स्टेशन के भारसाधक अधिकारी को जिसकी स्थानीय सीमाओं के भीतर दुर्घटना घटित हुई हो, तार टेलीफोन या विशेष संदेशवाहक या किन्हीं अन्य उपलब्ध द्रुत माध्यम से देगा ।

स्पष्टीकरण.—इस नियम के प्रयोजन के लिए ऐसी दुर्घटनाओं में, जिनमें साधारणतः जन-हानि हुई हो, यात्री गाड़ियों की टक्कर, उनका पटरी से उतर जाना, गाड़ी ध्वंस या गाड़ी ध्वंस करने के प्रयास जैसी सभी दुर्घटनाएं, लाईन पर रखी गई रूकावटों के ऊपर से गाड़ी का गुजर जाना, यात्रियों के गाड़ी से बाहर गिरने या गाड़ियों में आग लगने के ऐसे मामले, जिनमें वस्तुतः कोई जन हानि न हुई हो, या किसी को भारतीय दंड संहिता में दी हुई परिभाषा के अनुसार गहरी चोट (जिसे इसमें इसके पश्चात गहरी चोट कहा गया है) न आई हो, या रेल सम्पत्ति को 1,00,000 रूपये से अधिक मूल्य की गंभीर क्षति न पहुंची हो, किन्तु दुर्घटना के प्रकार को देखते हुए ऐसा होने की समुचित आशंका रही हो, और भू-स्खलन या वर्षा अथवा बाढ़ से लाईन टूट जाने के वे मामले भी शामिल माने जाएंगे जिनके कारण संचार की किसी महत्वपूर्ण थ्रू-लाइन पर कम से कम 24 घंटे यातायात में अवरोध हो जाये ।

4. **राज्य सरकार को सूचनाएं भेजने का ढंग.**—दुर्घटनाओं की यह सूचना, जिसका कि अधिनियम की धारा 83 के अधीन रेल प्रशासन द्वारा अनावश्यक विलम्ब के बिना भेजा जाना उपेक्षित है, राज्य सरकार को—

(क) निम्नलिखित दुर्घटनाओं में तार द्वारा—

(1) नियम 7 के स्पष्टीकरण के अधीन, जन-हानि के कारण, गंभीर समझी जाने वाली दुर्घटनाएं;

(2) ऐसी दुर्घटनाएं, जिनके कारण रेल पथ के 24 घंटों से अधिक समय के लिए बंद रहने की संभावना है, और

(3) गाड़ी ध्वंस या गाड़ी ध्वंस करने के प्रयास; और

(ख) अन्य सभी मामलों में पत्र द्वारा भेजी जाएगी ।

5. **रेल कर्मचारियों द्वारा दुर्घटनाओं की रिपोर्ट करना.**—हर रेल कर्मचारी, रेल संचालन के दौरान घटित होने वाली ऐसी हर दुर्घटना की, जो उसकी जानकारी में आये, रिपोर्ट यथासंभव कम से कम विलम्ब में करेगा और ऐसी रिपोर्ट सबसे निकट के स्टेशन मास्टर से या जहां कोई स्टेशन मास्टर न हो वहां रेलवे के उस खण्ड के भारसाधक रेल कर्मचारी से की जाएगी जिस पर दुर्घटना घटित हुई हो ।

6. **स्टेशन मास्टर या खण्ड के भारसाधक रेल कर्मचारी द्वारा दुर्घटनाओं की रिपोर्ट करना.**—स्टेशन मास्टर या खण्ड का भारसाधक रेल कर्मचारी, दुर्घटना की रिपोर्ट उन नियमों के अनुसार करेगा जो सम्बन्धित रेल प्रशासन द्वारा दुर्घटनाओं की रिपोर्ट करने के लिए बनाए गए हैं ।

7. **रेल प्रशासन द्वारा गंभीर दुर्घटनाओं की रिपोर्ट करना.**—जब कभी कोई गंभीर दुर्घटना घटित हो, तो सम्बन्धित रेल प्रशासन, दुर्घटना घटने के बाद यथासंभव शीघ्र, प्रेस को तार द्वारा नियम 2 में उल्लिखित और तब तक उपलब्ध ब्यौरा भेजेगा; और आगे सूचना उपलब्ध होने के तुरंत बाद, यदि आवश्यक हो तो, अनुपूरक तार भेजे जाएंगे । साथ ही साथ, एक प्रति "एक्सप्रेस" तार द्वारा रेलवे बोर्ड, सम्बन्धित परिमंडल के रेल-संरक्षा के ऊपर आयुक्त और रेल-संरक्षा के आयुक्त को भी भेजी जाएगी । दुर्घटना का कारण बताते समय, रेल प्रशासन कोई ऐसा कथन नहीं देगा जिसकी सत्यता पर बाद में संदेह किया जाए ।

स्पष्टीकरण.—इस नियम के प्रयोजन के लिए—

(1) किसी गाड़ी (चाहे वह यात्री ले जा रही हो या नहीं) की ऐसी हर दुर्घटना, जिसमें जन-हानि हुई हो या जिसमें किसी को गहरी चोट आई हो, या जिसमें रेल सम्पत्ति को 1,00,000 रूपये से अधिक मूल्य की गंभीर क्षति पहुंची हो, और भू-स्खलन, वर्षा या बाढ़ से लाइन टूट जाने या गाड़ी के पटरी से उतर जाने के कारण संचार के किसी महत्वपूर्ण थ्रू-लाइन पर कम से कम 24 घंटे अवरोध हो जाये, ऐसी हर दुर्घटना गंभीर दुर्घटना समझी जायेगी ।

(2) स्वयं अपनी लापरवाही से गाड़ी के नीचे आ जाने और हताहत होने वाले अतिचारियों या स्वयं अपनी लापरवाही से हताहत होने वाले यात्रियों के मामले गंभीर दुर्घटना नहीं समझे जाएंगे ।

8. **दुर्घटना स्थल पर पहुंचने की सुविधा.**—जब कभी रेल संचालन के दौरान कोई दुर्घटना घटित हुई हो, तो संबंधित रेल प्रशासन का प्रधान, जिला मजिस्ट्रेट या नियम 17 के अधीन नियुक्त या प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट को या जांच आयोग अधिनियम, 1952 (1952 का 60) के अधीन नियुक्त जांच आयोग को या किसी अन्य प्राधिकारी को, जिस पर उक्त अधिनियम के सभी या कोई उपबंध लागू किये गये हों और रेल-संरक्षा के ऊपर आयुक्त, चिकित्सा अधिकारियों, पुलिस व अन्य सम्बद्ध व्यक्तियों को सभी, उचित सहायता देगा ताकि वे दुर्घटना स्थल पर शीघ्र पहुंच सकें और वह जांच करने और दुर्घटना के कारण के संबंध में साक्ष्य प्राप्त करने में भी इन प्राधिकारियों को सहायता देगा ।

9. **दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्तियों को डाक्टरी सहायता.**—जब किसी रेल संचालन के दौरान घटित होने वाली किसी दुर्घटना में किसी को गहरी चोट आ जाये तो सम्बन्धित रेल प्रशासन के प्रधान का यह कर्तव्य होगा कि वह पीड़ितों को डाक्टरी सहायता दें और यह देखे कि जब तक पीड़ितों को उनके घर न पहुंचा दिया जाए या उन्हें उनके सम्बन्धियों या मित्रों को उन्हें न सौंप दिया जाये तब तक उनकी उचित प्रकार से और सावधानी पूर्वक सेवा सुश्रूषा की जाती है । ऐसे किसी मामले में, या किसी ऐसे मामले में जिसमें जनहानि हुई हो अथवा किसी को गहरी चोट आई हो, तो निकटतम उपलब्ध स्थानीय चिकित्सा अधिकारी को, यदि वह रेलवे चिकित्सा अधिकारी की अपेक्षा अधिक निकट हो, बुलाया जाएगा ।

10. **न्यायिक जांच या रेल-संरक्षा के ऊपर आयुक्त या मजिस्ट्रेट द्वारा की गई जांच स्थल पर रेल कर्मचारियों की हाजरी की व्यवस्था करना.**—जब, रेलवे दुर्घटनाओं में कानूनी अन्वेषण नियम, 1973 के नियम 2 के अधीन या इन नियमों के नियम 17 के अधीन कोई जांच या कोई न्यायिक जांच की जा रही हो, तो संबंधित रेल प्रशासन का प्रधान ऐसे सभी रेल कर्मचारियों की, जिनके साक्ष्य की ऐसी जांच के समय अपेक्षा की जाने की संभावना हो, जांच स्थल पर, जब तक आवश्यक हो, हाजिरी की व्यवस्था करेगा, और यदि जांच, रेलवे दुर्घटनाओं में कानूनी अन्वेषण नियम, 1973 के नियम 2 के अधीन रेल संरक्षा के ऊपर आयुक्त द्वारा की जानी हो, तो संबंधित रेल प्रशासन का प्रधान नियम 14 के उपनियम (1) के खण्ड (क) और (ग) में उल्लिखित अधिकारियों को जांच शुरू होने की तारीख, समय और स्थान की सूचना दिलवायेगा । वह जांच में मण्डल अधिकारियों की हाजिरी की भी व्यवस्था करेगा ।

11. **रेलसंरक्षा के अपर आयुक्त की रिपोर्ट मिलने पर रेल प्रशासन के प्रधान द्वारा की जाने वाली कार्रवाई.**—जब कभी संबंधित रेल प्रशासन के प्रधान को, रेलवे दुर्घटनाओं में कानूनी अन्वेषण नियम, 1973 के नियम 4 के अधीन रेल संस्था के ऊपर आयुक्त की रिपोर्ट की प्रति प्राप्त हो, तो वह तुरंत उसकी पावती अभिस्वीकार करेगा। यदि रिपोर्ट में व्यक्त विचारों से उसके विचार भिन्न हों, तो वह उसी समय पर अपनी टिप्पणी भी देगा, या यदि वह तुरंत ऐसा करने में असमर्थ हो, तो रिपोर्ट की अभिस्वीकृति में वह रेल-संरक्षा के अपर आयुक्त को अपने इस अभिप्राय की सूचना देगा कि वह अपनी टिप्पणी बाद में भेजेगा। यदि संबंधित रेल प्रशासन का प्रधान किसी व्यक्ति या किन्हीं व्यक्तियों पर अभियोजना करना वांछनीय समझता हो, तो वह ऐसे व्यक्तियों के विवरण के साथ रिपोर्ट की एक प्रति उस जिले के जिला मजिस्ट्रेट को जिसमें दुर्घटना घटित हुई हो, या अन्य ऐसे अधिकारी को, जिसे राज्य सरकार इस संबंध में नियुक्त करे और संबंधित पुलिस प्राधिकारियों को तुरंत भेजेगा। रेल संरक्षा के अपर आयुक्त के निष्कर्षों की प्राप्ति पर पुलिस प्राधिकारी, संबंधित रेल प्रशासन के प्रधान को, कोई अभियोजन करने के बारे में अपने विनिश्चय की बाबत यथासंभव शीघ्र सूचित करेंगे।

12. **रेल-संरक्षा के अपर आयुक्त की रिपोर्ट में दिये गये सुझावों पर रेल प्रशासन का प्रधान अपनी टिप्पणियां देगा.**—जब कभी रेल-संरक्षा के अपर आयुक्त की रिपोर्ट किसी नियम अथवा रेल संचालन की प्रणाली में परिवर्तन की आवश्यकता की ओर संकेत करे या परिवर्तन का सुझाव दे, तो संबंधित रेल प्रशासन का प्रधान, रिपोर्ट को अभिस्वीकार करते समय, वैसी दुर्घटनाओं की आवृत्ति को रोकने के लिए की गई अथवा किये जाने के लिए प्रस्तावित कार्रवाई की सूचना देगा या रेल-संरक्षा के अपर आयुक्त को उसकी रिपोर्ट में दिये गये प्रस्तावों पर आगे रिपोर्ट देने के अपने अभिप्राय की सूचना देगा।

13. **संयुक्त जांच न की जाय.**—(1) जब कभी, अधिनियम की धारा 83 में वर्णित कोई दुर्घटना, रेल संचालन के दौरान घटित हो, तो संबंधित रेल प्रशासन का प्रधान दुर्घटना के कारणों का पूरा अन्वेषण करने के निमित्त रेल अधिकारियों की एक समिति द्वारा शीघ्र जांच (जिसे "संयुक्त जांच" कहा जाये) करवाएगा।

परन्तु—

(क) यदि रेलवे दुर्घटनाओं में कानूनी अन्वेषण नियम, 1973 के नियम 2 के अधीन रेल संरक्षा के अपर आयुक्त या जांच आयोग अधिनियम 1952 (1952 का 60) के अधीन नियुक्त जांच आयोग द्वारा या केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त किसी अन्य प्राधिकारी, जिस पर रेलवे दुर्घटनाओं में कानूनी अन्वेषण नियम, 1973 के नियम 2 के अधीन उक्त अधिनियम के सभी अथवा कोई उपबंध लागू किये गये हों, द्वारा कोई जांच की जानी हो, या

(ख) यदि दुर्घटना के कारण के सम्बन्ध में कोई भी युक्तियुक्त सन्देह न हो, या

(ग) यदि संबंधित रेल प्रशासन का कोई विभाग सूचित करे कि वह इस मामले में पूरी जिम्मेदारी मानता है, तो इस प्रकार की जांच नहीं की जायेगी।

2. जहां कि उपनियम 1 के परन्तुक के खण्ड (ख) या (ग) के अधीन इस प्रकार की जांच न की जानी हो वहां दुर्घटना के लिए उत्तरदायी रेल प्रशासन के विभाग के प्रधान का यह कर्तव्य होगा कि वह ऐसी जांच (जिसे "विभागीय जांच" कहा जाये) करे, जैसी वह आवश्यक समझता हो और यदि त्रुटि उसके कर्मचारियों या कार्य-प्रणाली की हो, तो ऐसे उपाय करे अथवा ऐसे उपायों का सुझाव दे, जिन्हें वह इस प्रकार की दुर्घटनाओं की आवृत्ति को रोकने के लिए आवश्यक समझता हो।

14. **संयुक्त जांच की सूचना.**—(1) जब कभी संयुक्त जांच की जानी हो, तो संबंधित रेल की सूचना प्रशासन का प्रधान निम्नलिखित अधिकारियों को जांच प्रारम्भ होने की तारीख तथा समय की सूचना देने की व्यवस्था करेगा, अर्थात :—

(क) उस जिले के जिला मजिस्ट्रेट को, जिसमें दुर्घटना घटित हुई हो या किसी ऐसे अन्य अधिकारी को जिसे राज्य सरकार इस निमित्त नियुक्त करे, रेलवे पुलिस के अधीक्षक को तथा जिला पुलिस अधीक्षक को;

(ख) रेलवे के उस खण्ड के रेल संरक्षा के अपर आयुक्त को जिस पर दुर्घटना घटित हुई हो, और

(ग) उस रेलवे पुलिस के प्रधान को, जिसके क्षेत्राधिकार में दुर्घटना घटित हुई हो, या यदि वहां कोई भी रेलवे पुलिस न हो, तो उस पुलिस स्टेशन के भारसाधक अधिकारी को जिसके क्षेत्राधिकार में वह स्थान पड़ता हो।

(2) जांच शुरू होने की तारीख व समय इस प्रकार नियत किये जाएंगे कि उपनियम (1) में उल्लिखित अधिकारियों को उस स्थान पर जहां जांच होनी है, पहुंचने के लिए पर्याप्त समय मिल जाये।

(3) जब रेलवे दुर्घटनाओं में कानूनी अन्वेषण नियम, 1973 के नियम 2 के उपनियम (5) के अधीन जांच करने के लिए रेल संरक्षा के अपर आयुक्त की असमर्थता के बारे में सूचना प्राप्त होने पर किसी दुर्घटना की संयुक्त जांच की जाये तो संबंधित रेल प्रशासन इस संबंध में एक प्रेस नोट भी जारी करेगा जिसमें जांच के दौरान साक्ष्य देने या दुर्घटना के सम्बन्ध में प्रेस में विनिर्दिष्ट पते पर संयुक्त जांच समिति को सूचना भेजने के लिए जनता को आमंत्रित किया जायेगा।

15. **संयुक्त अथवा विभागीय जांच की रिपोर्ट रेल प्रशासन के प्रधान को भेजी जाएगी और उस पर कार्रवाई की जाएगी.**—(1) जैसे ही कोई संयुक्त अथवा विभागीय जांच समाप्त हो, यथास्थिति, रेल अधिकारियों की समिति का अध्यक्ष या विभाग का प्रधान, सम्बन्धित रेल प्रशासन के प्रधान को एक रिपोर्ट भेजेगा जिसमें, नियम 7 के स्पष्टीकरण में वर्णित सभी प्रकार की दुर्घटनाओं के मामले में, निम्नलिखित विवरण दिया जाएगा :—

(क) दुर्घटना का संक्षिप्त वर्णन,

(ख) दुर्घटना-स्थल का वर्णन,

(ग) लिये गए साक्ष्य का ब्यौरेवार विवरण,

(घ) विसम्मति नोट, यदि कोई हो, सहित निकाले गये निष्कर्ष,

(ङ) निकाले गए निष्कर्षों के कारण,

(च) हुई क्षति का प्रकार और सीमा,

(छ) दुर्घटना का दृष्टांत रूप एक नक्शा, यदि आवश्यक हो,

(ज) हत या आहत रेल कर्मचारियों की संख्या,

(झ) हत या आहत यात्रियों की संख्या,

(ञ) एक परिशिष्ट जिसमें उन नियमों के उद्धरण होंगे जिनका अतिक्रमण दुर्घटना के लिए जिम्मेवार कर्मचारियों द्वारा किया गया हो,

(2) संबंधित रेल प्रशासन का प्रधान, दुर्घटना के लिए जिम्मेवार कर्मचारियों के विरुद्ध अभिप्रेत कार्रवाई अथवा नियमों या कार्य-प्रणाली के पुनरीक्षण के लिए कार्रवाई के सम्बन्ध में अपनी टिप्पणी सहित, उपनियम (1) में निर्देशित रिपोर्ट की एक प्रति—

(क) रेलवे के उस खण्ड के रेल-संरक्षा के अपर आयुक्त को भेजेगा जिस पर दुर्घटना घटित हुई हो,

(ख) यदि नियम 17 के अधीन कोई जांच या अन्वेषण न किया गया हो, या यदि कोई संयुक्त या विभागीय जांच पहले की गयी हो, तो जिला मजिस्ट्रेट को या नियम 14 के उपनियम (1) के खण्ड (क) के अधीन नियुक्त अधिकारी को भेजेगा; और

(ग) यदि कोई न्यायिक जांच की जा रही हो, तो जांच करने वाले मजिस्ट्रेट को भेजेगा ।

(3) पूर्वोक्त रिपोर्ट की प्रति के साथ—

(क) उपनियम (2) के खण्ड (ख) में निर्दिष्ट मामले में उन व्यक्तियों का एक विवरण भेजा जाएगा जिनका दुर्घटना में हाथ हो और जिन पर अभियोजन करना संबंधित रेल प्रशासन का प्रधान वांछनीय समझता हो; और

(ख) उपनियम (2) के खण्ड (ग) में निर्दिष्ट मामले में, जांच में लिये गये साक्ष्य की एक प्रति भेजी जाएगी ।

16. धारा 83 के अन्तर्गत न आने वाली दुर्घटनाओं की जांच रिपोर्ट रेल-संरक्षा के अपर आयुक्त को भेजी जाएगी.—(1) जब कभी अधिनियम की धारा 83 में विनिर्दिष्ट प्रकृति से भिन्न प्रकार की कोई दुर्घटना, जैसे टक्करों को बचा लेना, ब्लाक नियमों के उल्लंघन या अन्य तकनीकी दुर्घटनाएं, किसी रेल संचालन के दौरान घटित होती हैं तो सम्बन्धित रेल प्रशासन दुर्घटना की संयुक्त या विभागीय जांच करा सकता है ।

(2) यदि उपनियम (1) की व्यवस्था के अनुसार कोई जांच की जाती है तो संबंधित रेल प्रशासन का प्रधान जांच रिपोर्ट की एक प्रति, रेलवे के जिस खण्ड पर दुर्घटना घटी हो, उसके रेल-संरक्षा के अपर आयुक्त को भेजेगा ।

17. **मजिस्ट्रेट द्वारा जांच.**—जब कभी अधिनियम की धारा 83 में वर्णित कोई दुर्घटना रेल संचालन के दौरान घटित हो, तो जिला मजिस्ट्रेट या कोई अन्य मजिस्ट्रेट, जिसे राज्य सरकार ने इस निमित्त नियुक्त किया हो या तो—

(क) उन कारणों की जांच, जिनकी वजह से दुर्घटना हुई है, स्वयं कर सकेगा, या

(ख) ऐसी जांच करने के लिए किसी अधीनस्थ मजिस्ट्रेट को, जो यदि संभव हो तो, प्रथम वर्ग का मजिस्ट्रेट हो, प्रतिनियुक्त कर सकेगा, या

(ग) यह निर्देश कर सकेगा कि जिन कारणों की वजह से दुर्घटना घटी है, उनका अन्वेषण पुलिस द्वारा किया जाये ।

लेकिन यदि, दुर्घटना की प्रकृति को देखते हुए, केन्द्रीय सरकार ने जांच आयोग अधिनियम, 1952 (1952 का 60) के अधीन दुर्घटना की जांच करने के लिए किसी जांच आयोग की नियुक्ति कर दी हो या उसने जांच करने के लिए कोई अन्य प्राधिकारी नियुक्त कर दिया हो और उस प्रयोजन के लिए उक्त अधिनियम के सभी या कोई उपबंध उस प्राधिकारी पर लागू कर दिए हों, तो मजिस्ट्रेट या पुलिस अधिकारी इस नियम के अधीन अपनी जांच या अन्वेषण नहीं करेगा और यदि उसने अपनी जांच या अन्वेषण शुरू कर दिया हो, तो उसे और आगे नहीं बढ़ायेगा, और ऐसा मजिस्ट्रेट या पुलिस अधिकारी जांच या अन्वेषण से संबंधित साक्ष्य, अभिलेख या अन्य दस्तावेज, जो उसके कब्जे में हों, ऐसे प्राधिकारी को सौंप देगा जो इस निमित्त केन्द्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाये ।

18. **मजिस्ट्रेट द्वारा की गई जांच की सूचना.**—जब कभी नियम 17 के खण्ड (क) या खण्ड (ख) के अधीन जांच करने का विनिश्चय किया जाये, तो, यथास्थिति, जिला मजिस्ट्रेट या उपायुक्त से नियुक्त अन्य मजिस्ट्रेट या नियम 17 के खण्ड (ख) के अधीन प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट तुरन्त रेल-संरक्षा के अपर आयुक्त को, संबंधित रेल प्रशासन के प्रधान को और मण्डल अधीक्षक को तार द्वारा जांच शुरू होने की तारीख और समय की सूचना देगा ताकि रेल प्रशासन अपेक्षित विशेषज्ञ साक्ष्य समन कर सके । ऐसी सूचना भेज देने के बाद वह दुर्घटना-स्थल पर जायेगा और वहां जांच करेगा ।

19. **न्यायिक जांच**—नियम 17 के अधीन जांच करने वाला मजिस्ट्रेट किसी रेल कर्मचारी और किसी अन्य व्यक्ति को, जिसकी हाजिरी वह आवश्यक समझे, समन कर सकेगा और साक्ष्य लेने और जांच पूरी करने के बाद, यदि उसके विचार में न्यायिक जांच करने के लिए पर्याप्त आधार हों, तो वह उस व्यक्ति पर मुकदमा चलाने के लिए अपेक्षित कार्रवाई करेगा, जिसे वह दुर्घटना के लिए अपराधी रूप से दायी समझता हो जब कभी तकनीकी विषय अंतर्ग्रस्त हो, तो मजिस्ट्रेट रेल-संरक्षा के अपर आयुक्त या अन्य वृत्तिक व्यक्तियों की राय मानेगा ।

20. **मजिस्ट्रेट द्वारा की गयी जांच का परिणाम रेल प्रशासन के प्रधान को संसूचित किया जायेगा.**—नियम 17 के अधीन की गयी हर जांच या अन्वेषण का परिणाम उस मजिस्ट्रेट द्वारा जिसने ऐसी जांच या अन्वेषण किया हो, संबंधित रेल प्रशासन के प्रधान और रेल-संरक्षा के अपर आयुक्त को संसूचित किया जायेगा ।

21. **न्यायिक जांच करने वाले मजिस्ट्रेट की सहायता के लिए रेल-संरक्षा के अपर आयुक्त और रेल कर्मचारियों को समन करने की प्रक्रिया.**—(1) यदि रेल संचालन के दौरान घटित किसी दुर्घटना की कोई न्यायिक जांच करते समय ऐसी जांच करने वाला मजिस्ट्रेट रेल-संरक्षा के अपर आयुक्त या संबंधित रेल प्रशासन के प्रधान की सहायता चाहता हो, या रेल पर्यवेक्षण, प्रबंध या संचालन से संबंधित किसी विषय को समझाने के लिए, रेलवे के किसी अन्य अधिकारी की हाजिरी चाहता हो, तो वह रेल-संरक्षा के अपर आयुक्त को या ऐसे विषय को समझाने के लिए सक्षम किसी अन्य रेल अधिकारी की न्यायालय में हाजरी के लिए, यथास्थिति, रेल-संरक्षा के आयुक्त या संबंधित रेल प्रशासन के प्रधान के नाम मांग-पत्र भेजेगा और ऐसे करते समय वह यह भी सूचित करेगा कि वह किस प्रकार की सहायता चाहता है । रेल कर्मचारियों को समन करते समय, मजिस्ट्रेट इस बात का ध्यान रखेगा कि रेल कर्मचारियों को, विशेषतः एक ही वर्ष के कर्मचारियों को, एक ही

दिन इतनी बड़ी संख्या में समन न किया जाये कि उससे रेल संचालन में असुविधा हो । बहुत गम्भीर दुर्घटनाओं के मामले में मजिस्ट्रेट के लिए साधारणतः यह उचित होगा कि न्यायिक जांच को अंतिम रूप से समाप्त करने से पहले दुर्घटना के संबंध में वह रेल-संरक्षा के अपर आयुक्त तथा सम्बन्धित रेल प्रशासन के प्रधान, दोनों की रिपोर्ट मंगा ले ।

(2) यदि रेलवे दुर्घटनाओं की कानूनी अन्वेषण नियम, 1973 के नियम 4 के अधीन प्रस्तुत की गयी रिपोर्ट में उन तकनीकी विषयों पर जिनका स्पष्टीकरण अपेक्षित था, रेल संरक्षा के अपर आयुक्त की राय पहले ही अभिव्यक्त की जा चुकी हो, तो न्यायिक जांच करने वाला मजिस्ट्रेट यथासंभव, अपर आयुक्त को समन नहीं करेगा ।

22. न्यायिक जांच के निर्णय की रेल प्रशासन, रेल संरक्षा के अपर आयुक्त और राज्य सरकार को संसूचना.—न्यायिक जांच की समाप्ति पर, मजिस्ट्रेट अपने निर्णय की एक प्रति सम्बन्धित रेल प्रशासन के प्रधान को और रेल संरक्षा के अपर आयुक्त को भेजेगा और जब तक कि वह किसी मामले में ऐसा करना आवश्यक न समझे, जांच के परिणाम की रिपोर्ट राज्य सरकार से करेगा ।

23. **पुलिस अन्वेषण कब न किया जाए**—(1) रेल संचालन के दौरान घटित किसी भी दुर्घटना के कारणों का अन्वेषण रेलवे पुलिस कर सकती है और वह ऐसा तब करेगी :—

(क) जब कभी ऐसी दुर्घटना में जनहानि हुई हो या गहरी चोट आयी हो या रेल सम्पत्ति को 1,00,000 रुपये से अधिक मूल्य की गम्भीर क्षति पहुंची हो या दुर्घटना प्रथम दृष्टया किसी आपराधिक कार्य चूक के कारण घटी हो ; या

(ख) जब कभी जिला मजिस्ट्रेट या नियम 17 के अधीन नियुक्त मजिस्ट्रेट ने उस नियम के खण्ड (ग) के अधीन ऐसा करने का निदेश किया हो ;

परन्तु जब नियम 17 के खण्ड (क) या खण्ड (ख) के अधीन कोई जांच शुरू कर दी गयी हो या उसका आदेश दे दिया गया हो तो इस प्रकार का कोई भी अन्वेषण नहीं किया जाएगा ।

परन्तु यह और कि जहां, दुर्घटना की प्रकृति को देखते हुए, केन्द्रीय सरकार ने जांच आयोग अधिनियम, 1952 (1952 का 60) के अधीन दुर्घटना की जांच करने के लिए किसी जांच आयोग की नियुक्ति कर दी हो या उसमें जांच करने के लिए कोई अन्य प्राधिकारी नियुक्त कर दिया हो और उस प्रयोजन के लिए उक्त अधिनियम के सभी या कोई उपबंध उस प्राधिकारी पर लागू कर दिए हों, वहां रेलवे पुलिस इस नियम के अधीन कोई अन्वेषण नहीं करेगी और जहां कि उन्होंने अपना अन्वेषण शुरू कर दिया हो, वहां उसे और नहीं बढ़ाएगी, और अन्वेषण से सम्बन्धित अभिलेख या अन्य दस्तावेज, जो उनके कब्जे में हों, ऐसे प्राधिकारी को सौंप देंगे, जो इस निमित्त केन्द्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए ।

(2) **रेलवे पुलिस जनहानि या गहरी चोट या रेल सम्पत्ति को गंभीर क्षति पहुंचाने वाली हर दुर्घटना की रिपोर्ट करेगी.**—रेलवे पुलिस रेल संचालन के दौरान घटित होने वाली ऐसी दुर्घटना को, जो उसकी जानकारी में आए, रिपोर्ट, जिसमें जनहानि हुई हो या गहरी चोट आयी हो या रेल सम्पत्ति की 1,00,000 रुपये से अधिक मूल्य की गम्भीर क्षति पहुंची हो या जो प्रथमदृष्टया किसी अपराधिक कार्य या चूक के कारण घटी हो यथासंभव कम से कम विलम्ब में उससे निकट के स्टेशन मास्टर से या जहां कोई स्टेशन मास्टर न हो वहां रेलवे के उस खण्ड के भारसाधक रेल कर्मचारी से करेगी जिस पर दुर्घटना घटित हुई हो ।

24 **दुर्घटना का अन्वेषण करने वाले पुलिस अधिकारी की हैसियत.**—(1) जब कभी किसी रेलवे पुलिस द्वारा—

(क) किसी ऐसे मामले का, जिसमें दुर्घटना में जनहानि हुई हो या गहरी चोट आयी हो या रेल सम्पत्ति को 1,00,000 रुपये से अधिक मूल्य की गंभीर क्षति पहुंची हो, या

(ख) नियम 17 के खण्ड (ग) के अधीन दिए निदेश के अनुसरण में

अन्वेषण करना हो, तो—

यह अन्वेषण उस क्षेत्र की रेलवे पुलिस के प्रधान द्वारा किया जाएगा जहां दुर्घटना घटित हुई है, या यदि वह अधिकारी स्वयं अन्वेषण करने में असमर्थ हो, तो उसके द्वारा प्रतिनियुक्त अधिकारी द्वारा किया जाएगा ।

(2) उपनियम (1) के अधीन प्रतिनियुक्त अधिकारी साधारणतः उपलब्ध वरिष्ठ अधिकारी, और जब कभी सम्भव हो, राजपत्रित अधिकारी होगा और किसी भी स्थिति में निरीक्षक की पंक्ति से नीचे का अधिकारी नहीं होगा ।

परन्तु—

(1) उपनियम (1) के खण्ड (क) में निर्दिष्ट किसी मामले में, यदि एक से अधिक व्यक्ति की जीवन हानि न हुई हो या एक से अधिक व्यक्ति को गहरी चोट न आयी हो या रेल सम्पत्ति को 1,00,000 रुपये से अधिक मूल्य की क्षति न पहुंची हो या जहां ऐसा संदेह करने का कोई कारण न हो कि कोई रेल कर्मचारी रेल संचालन से सम्बन्धित किसी नियम की अपेक्षा करने का दोषी है, या

(ii) उपनियम (1) के खण्ड (ख) में निर्दिष्ट किसी मामले में यदि जिला मजिस्ट्रेट इस प्रकार का निर्देश करता है, तो अन्वेषण पुलिस स्टेशन के किसी भारसाधक अधिकारी द्वारा किया जा सकता है ।

25. **पुलिस अन्वेषण की सूचना.**—नियम 24 के अनुसरण करने वाला अधिकारी तत्काल सम्बन्धित रेल प्रशासन के प्रधान और मण्डल अधीक्षक को तार द्वारा अन्वेषण शुरू होने की तारीख और समय की सूचना देगा, ताकि, यदि संभव हो तो, कार्यवाही को देखने तथा अन्वेषण करने वाले अधिकारी की सहायता के निमित्त किसी रेल पदधारी की हाजिरी की व्यवस्था की जा सके । इस प्रकार की सूचना भेज देने के बाद वह अविलम्ब दुर्घटना-स्थल पर जाएगा और वहां अन्वेषण करेगा । रेल पदाधिकारी की गैरहाजिरी के कारण अन्वेषण में विलम्ब नहीं किया जाएगा और उसे दुर्घटना घटित होने के बाद यथासंभव शीघ्र किया जाएगा ।

26. **जिला पुलिस द्वारा सहायता.**—(1) ऐसे हर मामले में जिस पर नियम 24 लागू होता है, उस क्षेत्र की रेलवे पुलिस द्वारा जिला पुलिस को शीघ्र सूचना दी जाएगी ; जो, यदि ऐसा अपेक्षित हो तो, सभी आवश्यक सहायता देगी और आवश्यकता पड़ने पर, रेल परिसर की सीमा से बाहर अन्वेषण करेगी । लेकिन सीमाओं के भीतर अन्वेषण करने के लिए मुख्यतः उस क्षेत्र की रेलवे पुलिस ही उत्तरदायी होगी ।

(2) इन नियमों में अन्तर्विष्ट उपबंधों के अधीन रहते हुए पुलिस अन्वेषण समाप्त होने के बाद मामले को आगे बढ़ाने का निर्णय रेलवे पुलिस के हाथ में होगा ।

27. **पुलिस के अन्वेषण के परिणाम की संसूचना.**—पुलिस के हर अन्वेषण के परिणाम की रिपोर्ट तुरंत जिला मोजिस्ट्रेट या राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त नियुक्त अन्य अधिकारी से, सम्बन्धित रेल प्रशासन के प्रधान से या उसके द्वारा नियुक्त अन्य अधिकारी से और रेल-सुरक्षा के अपर आयुक्त से की जाएगी ।

28. **जिला पुलिस रेलवे पुलिस के कर्तव्यों का निर्वहन करेगी.**—जहां क्षेत्र में कोई भी रेलवे पुलिस न हो, वहां नियम 23, 24 और 25, नियम 26 के उपनियम (2) और नियम 27 द्वारा क्षेत्र की रेलवे पुलिस या उस रेलवे पुलिस के प्रधान पर अधिरोपित कर्तव्यों का निर्वहन, यथास्थिति, जिला पुलिस द्वारा या जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा किया जाएगा ।

